7 राज्य • 19 संस्करण : हरियाणा | दिल्ली | चंडीगढ़ | पंजाब | उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर

वर्ष 13 | अंक 76 | पृष्ठ : 16
मूल्य : चार रुपये

# अमर उजाला

नैनीताल
सोमवार, 12 सितंबर 2016
amarujala.com

स्पोर्ट्स
करिश्माई प्रदर्शन करते हुए कर्बर ने जीता यूएस ओपन खिताब...14



## न्यूज डायरी

### नशे के खिलाफ लोगों की हुंकार

**भिकियासैंण/सितारगंज ।** नशे और पलायन के खिलाफ दो माह तक करीब 111 ग्राम पंचायतों में जनजागरूकता अभियान चलाने के बाद नशा हटाओ, पलायन रोको, पहाड़ बचाओ समिति ने भिकियासैंण में गगास पुल से जल निगम परिसर तक विशाल रैली निकालकर अपने इस अभियान का समापन किया। उधर, सितारगंज में भी महिलाओं ने नशे के खिलाफ रैली निकाली। **पेज 2 पर**

### ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात

**पिथौरागढ़/मुनस्यारी।** जिला मुख्यालय में रविवार को पूरे दस दिन बाद हुई बारिश से लोगों को राहत मिली है। मुनस्यारी में शनिवार रात बारिश हुई। हंसलिंग और पंचाचूली की चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि प्रदेश के देहरादून, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल में आगामी 24 घंटे भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस चेतावनी के बाद पिथौरागढ़ डीएम सेमवाल ने भी जिले में अलर्ट जारी कर दिया है।

### मगहर में बनेगा कबीर स्मारक

**नई दिल्ली।** यूपी विधानसभा चुनाव में प्रतीकों को अपनाने में जुटी मोदी सरकार और भाजपा की निगाहें अब संत कबीर पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से व्यक्तिगत रुचि दिखाने के बाद संस्कृति मंत्रालय ने आनन फानन में संत कबीर की निर्वाण स्थली मगहर में 80 करोड़ रुपये की लागत से भव्य स्मारक बनाने की योजना बनाई है। **पेज 13**

# अल्मोड़ा में धूमधाम से निकला नंदा-सुनंदा का डोला

रविवार को मां नंदा-सुनंदा के डोले की शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब। शनिवार देर रात नंदादेवी मंदिर प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रम भी हुए।

## 2300 स्कूलों में आज पढ़ाई नहीं

**देहरादून (ब्यूरो) ।** प्रदेश में राजकीय शिक्षक संघ का आंदोलन तेज हो गया है। सोमवार से 2300 स्कूलों के करीब 25 हजार शिक्षक हड़ताल पर चले जाएंगे। वे स्कूल जाने के बजाय ब्लॉक मुख्यालयों पर बैठकर सरकार के खिलाफ धरना देंगे। बता दें कि 20 सूत्री मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ लंबे समय से आंदोलनरत है।

**सोमवार से प्रदेश के 25 हजार शिक्षक हड़ताल पर**

छह दिन से चल रहे बेमियादी अनशन के बीच अब शिक्षकों ने आर-पार की लड़ाई का एलान कर दिया है। राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने बताया कि सोमवार को शिक्षक अपने-अपने ब्लॉक में जाकर धरना देंगे। इसके चलते सोमवार को स्कूलों में ताले लटके रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका आंदोलन दो सूरत में ही खत्म हो सकता है। एक तो चयन और प्रोन्नत वेतनमान पर एक अतिरिक्त >> शेष पेज 15 पर

>> माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की हड़ताल खत्म...पेज 9 पर

आज नया

प्रवाह... मुख्यमंत्रियों ने लिखे विशेष आलेख
समय, सत्ता और सपने...
श्रृंखला की पहली कड़ी में अखिलेश यादव
10
प्यार के पैकेट में उम्मीदों की डिलीवरी...
आनंद की दीप्ति ने उनके हृदय को छुआ...
हरियाली और रास्ता... सपनों से समझौता मत करो
खुली खिड़की में कॉमन सर्विस सेंटर

मार्ग
पब्लिक पॉलिसी, माइक्रो आर्टिस्ट, इंग्लिश लर्निंग
कारोबार
पाकिस्तान की दाल में भारत के टमाटर का तड़का
12

माटी के बोल
डंगरिया ले कौ भलो है जालो ला...
नंदा-सुनंदा मेलो संपन्न
02

हमर कुमौं
अमर उजाला
डंगरिया ले कौ भलो है जालो ला...
आठ घंटे बंद रही थल-मुनस्यारी रोड
स्मैक के साथ दो छात्र गिरफ्तार
पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा, 11 ग्राम से अधिक थी स्मैक
कुमाऊंनी, हिंदी को देने को बनाई लाइ

# ईपीएफ ब्याज दर पर चलेगी कैंची

## चालू वित्त वर्ष में ब्याज दर घटाकर 8.6 फीसदी करने की है तैयारी

**अमर उजाला ब्यूरो**
नई दिल्ली।

कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) खाताधारकों को चालू वित्त वर्ष में सरकार की ओर से झटका लगना तय है। दरअसल वित्त मंत्रालय और श्रम मंत्रालय के बीच ईपीएफ खातों में जमा रकम पर मौजूदा वित्त वर्ष के लिए ब्याज दर घटाने पर सहमति बन गई है। पिछले वित्त वर्ष में ब्याज दर 8.8 फीसदी थी, जबकि इस वर्ष इसे घटाकर 8.6 फीसदी करने की तैयारी है। इस आशय की आधिकारिक घोषणा जल्द कर दी जाएगी। इस फैसले से करीब चार करोड़ ईपीएफ खाताधारक प्रभावित होंगे।

**पिछले साल 8.8 फीसदी थी ब्याज दर, ईपीएफओ की आय का अनुमान आने से पहले ही वित्त और श्रम मंत्रालय में सहमति**

पिछले वित्त वर्ष के लिए श्रम मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय के 8.7 फीसदी की सलाह ठुकराते हुए 8.8 फीसदी ब्याज दर सुनिश्चित की थी। मगर इस बार ब्याज दर को लेकर दोनों मंत्रालयों में सहमति बन चुकी है। दरअसल ईपीएफ की ब्याज दर का निर्धारण मौजूदा वित्त वर्ष में होने वाली ईपीएफओ की आय का अनुमान तय होने के बाद किया जाता है। अनुमान सामने आने के बाद केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ब्याज दर निर्धारित करता है। एक तरफ, जहां ईएफपीओ ने अब तक कोई अनुमान नहीं लगाया है, वहीं श्रम और वित्त मंत्रालय में ब्याज दर पर सहमति बन गई है। श्रम मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय के इस सुझाव को भी मान लिया है कि ब्याज दर उतनी ही तय की जाए, जिसका भुगतान खुद ईपीएफओ अपने संसाधनों की बदौलत करने में सक्षम हो।

# दादा-पिता के बाद बेटा भी सेना में

## दादा हवलदार, पिता सूबेदार और अब बेटा गांव का पहला सैन्य अफसर

**पिथौरागढ़ (ब्यूरो)।** कनालीछीना विकासखंड के बिछुल गांव के अजय चंद परिवार की शौर्य परंपरा को निभाते हुए सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। अजय गांव के ऐसे पहले नौजवान हैं जो सेना में अफसर बने हैं। उन्होंने देहरादून से अपनी शिक्षा प्राप्त की। अजय के दादा भोगी चंद हवलदार और पिता कैलाश चंद सूबेदार रह चुके हैं। अजय ने शनिवार को आफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई में पासिंग आउट परेड में भाग लिया। ग्राफिक एरा विवि देहरादून >> शेष पेज 15 पर

**कनालीछीना के बिछुल गांव की शौर्य परंपरा**

लेफ्टिनेंट अजय चंद के पासिंग आउट परेड के दौरान मौजूद परिजन।

# हिम युग की ओर हिमालय, फिर बनेगा गोमुख

## वाडिया हिमालय भू विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों को ग्लेशियरों के बढ़ने के मिले संकेत

**रजा शास्त्री**
देहरादून।

तापमान बढ़ने से पिघल कर बह चुके गंगोत्री ग्लेशियर के गोमुख के रूप में एक बार फिर वजूद में आने की संभावना है।

ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा हिमालय हिम युग की तरफ बढ़ रहा है जिससे ग्लेशियरों का आकार फिर बढ़ेगा। यहां कुछ स्थानों पर ग्लेशियर बढ़ने के संकेत मिले हैं। चौंकाने वाली बात है कि हिमालय क्षेत्र में औद्योगिक व मानवीय गतिविधियां कार्बन डाई ऑक्साइड बढ़ाने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार नहीं हैं।

करोड़ों साल पहले हिमालय क्षेत्र में आज की तुलना में 17 गुना अधिक कार्बन डाई ऑक्साइड थी। गंगोत्री ग्लेशियर के सिकुड़ने और गोमुख के बहने के बाद वाडिया हिमालय भू विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के इतिहास से संबंधित आंकड़े खंगाले तो चौंकाने वाले तथ्य मिले। वैज्ञानिकों की मानें तो हिमालय क्षेत्र में कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा लगातार घट रही है। 50 करोड़ साल पहले हिमालय में कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा 7500 पीपीएम (पार्ट पर मिलियन) थी, 40 करोड़ साल पहले 3000 पीपीएम हुई और अब घटकर 420 पीपीएम पर आ गई है।

### कराकोरम में बढ़े ग्लेशियर के आकार

वैज्ञानिकों के मुताबिक ग्लेशियल एज पूरी तरह कब प्रभावी होगी, इसका अनुमान लगाया जा रहा है। इसके प्रभावी होते ही पर्वतमालाएं फिर बर्फ से ढकेंगी जिससे ग्लेशियर बढ़ने लगेंगे। इसके संकेत कराकोरम में मिले हैं। यहां पर ग्लेशियरों के आकार बढ़ने की पुष्टि हो गई है।

**18** हजार साल पहले बना था गोमुख, तब बड़ा हिम युग आया

**छोटे हिम युग में गंगोत्री ग्लेशियर भोजावासा तक आ गया था**

# घाटी में मुठभेड़ सात आतंकी ढेर

**अमर उजाला ब्यूरो**
पुंछ/श्रीनगर।

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों में अचानक तेजी आ गई है। जम्मू संभाग के पुंछ शहर में रविवार सुबह तीन आतंकी मिनी सचिवालय की निर्माणाधीन इमारत और एक घर में घुस गए। देर शाम तक चली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीनों आतंकियों को मार गिराया। कार्रवाई में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया।

उधर, कश्मीर के नौगाम, गुरेज और टंगधार सेक्टर में आतंकियों ने नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की कोशिश की। नौगाम में सेना ने 4 आतंकियों को ढेर किया। भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ है। टंगधार से आतंकी भाग निकले। वहीं गुरेज में ऑपरेशन जारी है। पुंछ में सुबह 7 बजे तीन आतंकी मिनी >> शेष पेज 15 पर